दिन– शुक्रवार दिनांक– 21 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कथित तौर पर राष्ट्रगान का अपमान करने के मामले को लेकर विधानमंडल के दोनों सदनों में आज जमकर हंगामा हुआ। हंगामे और शोरगुल के कारण प्रश्नकाल और शून्यकाल सुचारू ढंग से नहीं चल सका। विधानसभा में आज जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया कि पटना में एक खेल समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। मुख्यमंत्री को अपने पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि विपक्ष को मुख्यमंत्री को राष्ट्रीय परम्पराओं को समझाने की जरूरत नहीं है। वे हमेशा अपनी राष्ट्रीय परम्पराओं के प्रति सजग रहे हैं। इसके बाद राजद समेत सभी विपक्षी दलों के विधायक हाथों मे पोस्टर लिये हुये सदन के बीचो–बीच आ गये और नीतीश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के बार–बार अनुरोध के बावजूद हंगामा शांत नहीं हुआ। हो–हंगामे के बीच सभाध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी। भोजनावकाश के बाद विधानसभा की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई विपक्षी दलों ने राष्ट्रगान के अपमान को लेकर फिर से हंगामा शुरू कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामें को देखते हुए सदन की कार्यवाही साढ़े तीन बजे तक स्थगित कर दी है। इधर, विधान परिषद में भी इस मुद्‌दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस मुद्‌दे पर सदन में वक्तव्य देना चाहिए। हंगामें के कारण सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी। इधर, कार्यवाही जब दो बजे शुरु हुई तो सभापति ने स्वास्थ्य विभाग के बजट पर चर्चा कराने की जानकारी दी। वहीं, राजद के सुनील कुमार सिंह ने अपने कार्य स्थगन का उल्लेख किया जो उन्होंने राष्ट्रगान के मुद्दे पर दिया था। इसके जवाब में सभापति ने कहा कि उसे अस्वीकृत कर दिया गया है। सभापति ने स्वास्थ्य मंत्री को अपना जवाब सदन के पटल पर रखने को

कहा। इसके बाद हंगामे के कारण विधान परिषद की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

---

इधर, राष्ट्रगान का अपमान करने के मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गयी है। पत्रकारों से बातचीत में विधान परिषद में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री को इस मामले पर सदन में बयान देना चाहिए और उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने देश का अपमान किया है और उन्हें अपने पद पर रहने का कोई अधिकार नहीं है। इधर, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री पर आरोप लगाकर विपक्षी दल राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार वे व्यक्ति हैं, जिन्होंने दलित के हाथों में राष्ट्रीय झंडा दिया। इस बीच, भाजपा के विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने कहा कि नीतीश कुमार की देशभक्ति पर सवाल नहीं खड़े किये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे लालू प्रसाद के परिवार को देश से मांफी मांगनी चाहिए।

---

सोलहवें  वित्त आयोग की टीम ने आज मधुबनी जिले का दौरा किया। आयोग के अध्यक्ष अरविन्द पनगढ़िया के नेतृत्व मे टीम झंझारपुर प्रखंड के अड़रियासंग्राम पंचायत पहुंची। टीम ने पंचायत भवन कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया और अधिकारियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। टीम ने पंचायत में चल रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी की।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के मौसम में बदलाव हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के गया, नवादा और औरंगाबाद सहित अन्य जिलों में हल्की बारिश दर्ज की गयी। विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के कई स्थानों पर बादल छाये रहेंगे और हल्की बारिश हो सकती है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।